

# कार रोकी, जाति पूछी फिर हमला सरपंच पर लूट से दहला करैरा

## सिर पर वार, गले से सोने की चेन छीनी, बाजार से घर लौटते वक्त घेरकर किया जानलेवा हमला

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 16 जनवरी।** करैरा में गुरुवार को कानून-व्यवस्था उस वक्त बेबस नजर आई, जब ग्राम पंचायत सिलरा के सरपंच को दिनदहाड़े सरेराह रोककर न सिर्फ पीटा गया, बल्कि जातिसूचक गालियों के बीच उनसे सोने की चेन भी लूट ली गई। वारदात इतनी बेखौफ थी कि आरोपी भीड़ और गवाहों की मौजूदगी में हमला कर फरार हो गए।



पीड़ित सरपंच संतोष जाटव उम्र 32 वर्ष 15 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे करैरा बाजार से कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कामंक्षा देवी मंदिर के पास पहुंचे, सफेद स्विफ्ट कार में सवार मंगल यादव और उसके तीन साथियों ने उनकी कार के आगे वाहन अड़ा दिया। आरोप है कि कार से उतरते ही चारों आरोपियों ने सरपंच को जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया और जबरन कार से बाहर खींचा गया। विरोध करने पर एक आरोपी ने कट्टे जैसी वस्तु से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे खून निकल आया। इसके बाद चारों ने मिलकर सरपंच के साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जाते-जाते मुख्य आरोपी मंगल यादव ने उनके गले से करीब दो तौला वजनी सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गया। घटना के समय बाबूलाल जाटव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने पूरी घटना देखी, लेकिन आरोपियों की दबंगई के आगे कोई हस्तक्षेप नहीं कर सका। पीड़ित की शिकायत पर करैरा थाना पुलिस ने लूट, मारपीट, धमकी और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान हो चुकी है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# जिले में स्वरोजगार योजनाओं को रफ्तार देने पर जोर

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 16 जनवरी।** जिले में हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विशेष जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स एवं विभागीय समन्वय बैठक आयोजित

एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने की।




बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक, लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी तथा जिले की सभी प्रमुख बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आचार्य विद्यासागर योजना एवं आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्रदत्त ऋण सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा बैंकों को भेजे गए ऋण प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री चौधरी ने बैंक शाखा प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र एवं पूर्ण प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी हितग्राहियों तक पहुंचेगा, जब शासकीय विभाग और बैंक शाखाएं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में योजनाओं की प्रगति को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शिवपुरी में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर उद्यमिता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 16 जनवरी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी में 16 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. पवन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. एस.एस. खंडेलवाल एवं महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. पुनीत कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर डॉ. एस.एस. खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग की विस्तृत जानकारी दी तथा स्वरोजगार के लिए शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया। डॉ. पुनीत कुमार ने देश में सफलतापूर्वक संचालित विभिन्न स्टार्टअप्स के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सुमन बेकरी के संचालक गोपाल राठौर उद्यमी के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी उद्यमी यात्रा साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार वे मोटे अनाज से बेकरी उत्पाद तैयार कर अपने व्यवसाय में नवाचार ला रहे हैं। महाविद्यालय की करियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी एवं टीपीओ डॉ. ममता रानी ने स्टार्टअप के लिए फंडिंग जुटाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सैडमेप भोपाल से शिवपुरी जिले के प्रभारी आर.के. शुक्ला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ममता रानी द्वारा किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।








# बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 16 जनवरी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बदरवास नगर में शुक्रवार को मंडी प्रांगण में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रेमशंकर सिद्दार और हजारों की संख्या में सनातनी हिन्दू महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

भुवनेश्वरी मंदिर से हिन्दू सम्मेलन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई जो कटरा मोहल्ला, अस्पताल चौराहा, लाल चौक मुख्य बाजार होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची। सुंदर टेंट, बैठक व्यवस्था, भव्य मंच और भगवा ध्वजा पताकाओं से सुसज्जित अनाज मंडी के विशाल मैदान में हजारों की संख्या में सनातनी हिंदुओं की उपस्थिति में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति, धार्मिकता और राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल की छात्रा द्वारा भजन, डीपीएस स्कूल द्वारा झांसी की रानी नाटक, सांदीपनी विद्यालय द्वारा नृत्य, मॉडर्न ब्राइट करियर स्कूल द्वारा लवकुश रामायण, एक्सीलेंट स्कूल ऑफ स्ट्डीज द्वारा हनुमान चालीसा एवं बीटी पब्लिक स्कूल द्वारा झांसी की रानी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया और कहा कि परिवार में भोजन निर्माण से लेकर चरित्र निर्माण तक की जिम्मेदारी महिलाओं की होती है इसलिए हम अपने महापुरुषों के चरित्र को आदर्श बनाकर अपने बच्चों का चरित्र निर्माण करें। मुख्य वक्ता सह क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिद्दार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पंच परिवर्तनों स्व का भाव, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर हिंदू समाज का आह्वाहन किया और हिंदू समाज से आग्रह किया कि सप्ताह में एक बार अपने परिवार कुटुंब के साथ भोजन और भजन की संस्कृति बनाएं। कार्यक्रम में अंतिम वक्ता के रूप में बैकुंठधाम आश्रम से राजेश महाराज ने विषम परिस्थितियों में संपूर्ण हिन्दू समाज से एकजुट होकर खड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सहभोज किया।

# सेन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 16 जनवरी।** रीवा के ग्राम लोही में गरीब परिवार के साथ हुई कथित अन्यायपूर्ण कार्रवाई को लेकर संपूर्ण सेन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम लोही निवासी रामनाथ सेन के घर को

### रीवा में अन्यायपूर्ण कार्रवाई को लेकर हैं आक्रोशित



भूमाफिया द्वारा अवैध रूप से गिराए जाने के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज शिवपुरी सेन समाज विकास संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है।

शिवपुरी सेन समाज विकास संगठन शिवपुरी ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है कि दिनांक 16 दिसंबर 2025 को स्थानीय भूमाफिया वरुण मिश्रा ने राजनीतिक दबाव का दुरुपयोग करते हुए तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से रामनाथ सेन का आवास बलपूर्वक और अवैध रूप से गिरवा दिया। इस कार्रवाई के बाद पीड़ित परिवार कड़ाके की ठंड में पन्नी के नीचे रहने को मजबूर है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के दौरान सैकड़ों गुंडों की मौजूदगी में फायरिंग कराई गई, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। पीड़ित परिवार जब न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंचा तो शिकायत दर्ज करने के बजाय पुलिस द्वारा उन्हें जेल भेजने की धमकी दी गई, जिसे सेन समाज ने संविधान, कानून और मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन बताया है। न्याय न मिलने से विवश होकर पीड़ित परिवार 5 जनवरी 2026 से शांतिपूर्ण धरने पर बैठा हुआ है, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इससे सेन समाज में गहरा रोष है। सेन समाज विकास संगठन के अध्यक्ष धनीराम सेन धन्नू ने बताया कि यह मामला केवल एक परिवार का नहीं बल्कि प्रशासनिक संरक्षण में पनप रही भूमाफियागिरी का गंभीर उदाहरण है। समाज ने मांग की है कि पीड़ित रामनाथ सेन को तत्काल न्याय दिलाया जाए, भूमि और मकान का अधिकार पुनः दिया जाए, हुई आर्थिक क्षति की भरपाई कराई जाए तथा भूमाफिया, फायरिंग में शामिल गुंडों, दोषी पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।


संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो सेन समाज सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में सेन समाज जिलाध्यक्ष धनीराम सेन, नारायण सेन नानक, सुरेश सेन, लालचंद सेन, महेश सेन, शिवदयाल सेन, नवनीत सेन, ललित सेन, भरत सेन, राकेश सेन, नरेंद्र सेन, बीके सेन, आनंद सेन, रिंकू सेन एवं समस्त समाज मौजूद रही।

# मनरेगा में बड़ा घोटाला : बिना काम हुए लाखों का भुगतान, प्रशासन मौन

**विजयपुर, 16 जनवरी।** जनपद पंचायत विजयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नेहरखेड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत देकर प्राप्ति लेने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जबकि दूसरी ओर 3 जनवरी को मस्टरोल का भुगतान कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नेहरखेड़ा में कई निर्माण कार्य ऐसे दर्शाए गए हैं, जिनका मौके पर कोई अस्तित्व ही नहीं है, फिर भी संबंधित उपयंत्री द्वारा कार्य पूर्ण होना प्रमाणित कर दिया गया और उसी आधार पर भुगतान कर दिया गया। यह सीधे-सीधे शासकीय धन के दुरुपयोग का मामला है। सूत्रों का कहना है कि जिन कार्यों के लिए भुगतान किया गया, स्थल पर न तो कोई निर्माण हुआ और न ही मजदूरों ने कार्य किया, बावजूद इसके मस्टरोल भरकर मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किया गया। इसके बाद उपयंत्री द्वारा बिना भौतिक सत्यापन के कार्य को पूरा दिखाकर भुगतान की अनुशंसा कर दी गई सबसे गंभीर पहलू यह है कि शिकायतकर्ता द्वारा इस पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला प्रशासन को साक्ष्यों सहित दी गई, जिसकी विधिवत प्राप्ति भी ली गई, लेकिन इसके बावजूद न तो जांच कराई गई और न ही भुगतान रोका गया। उल्टा, शिकायत के बाद भी मस्टरोल भुगतान कर देना प्रशासनिक मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों में इस पूरे मामले को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि मनरेगा जैसी गरीबों को रोजगार देने वाली योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह घोटाला और भी बड़े स्तर पर सामने आ सकता है। अब सवाल यह उठता है कि बिना कार्य हुए भुगतान कैसे हो गया? उपयंत्री ने किस आधार पर कार्य प्रमाणित किया? शिकायत मिलने के बाद भी प्रशासन ने भुगतान क्यों नहीं रोका? क्या पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी ।

# इंदरगढ़ पंचायत के कार्यक्रमों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 16 जनवरी।** नरवर जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इंदरगढ़ में आनंद उत्सव के तहत इंदरगढ़ के हनुमान जी मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया युक्त कार्यक्रम में कुश्ती प्रतियोगिता, डांस, सांस्कृतिक कार्यक्रम ,नाल प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित हुए।

आज कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर नाल उठान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता अरविंद जाटव ग्वालियर को 7100 का पुरस्कार कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार बिंदो पहलवान पटपरा ग्वालियर को 1600 रावत रामकुंवर सुगरसिंह रावत सरपंच इंदरगढ़ द्वारा एवं तृतीय पुरस्कार शेलू काकर शिवपुरी को पूर्व विधायक प्रगीलाल जाटव द्वारा तथा रेफरी आतमसिंह रावत काली पहाड़ी को पुरस्कार स्वरूप सम्मानित किया गया युक्त कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय हरसाना,अर्चना राठौर,राजू कोली,सचिव दुर्गसिंह रावत आदि आयोजन समिति के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे तथा आसपास के विभिन्न ग्रामों के हजारों की संख्या में भक्तों ने बढ़-चढ़कर युक्त कार्यक्रम में भाग लिया।




# बिजली का टूटा पोल बना खतरे की घंटी

**विजयपुर, 16 जनवरी।** विजयपुर नगर की बजरंग कॉलोनी में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। दिलीप बंसल के मकान के पास लगा बिजली का पोल टूट जाने से विद्युत केबल नीचे लटक गई है, जिससे कॉलोनीवासियों और राहगीरों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। गली में केबल बेहद नीचे आ जाने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है और किसी भी समय करंट लगने जैसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन बिजली कंपनी के कर्मचारी केवल निरीक्षण कर लौट गए। आज तक न तो केबल को सुरक्षित ऊंचाई पर किया गया और न ही टूटे पोल को बदला गया, जिससे लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर परिषद बीजापुर की पार्षद वार्ड क्रमांक 15 किरण संतकुमार शाक्य ने विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, विसपुर के सहायक यंत्री एवं प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय जैन शासन एकता संघ का जिला सम्मेलन 18 को

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 16 जनवरी।** राष्ट्रीय जैन शासन एकता संघ, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में जिला स्तरीय जैन सम्मेलन का भव्य आयोजन 18 जनवरी 2026 रविवार को किया जा रहा है। यह सम्मेलन दोपहर 1 बजे से श्री दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र

### जैन समाज की एकता और आचार-विचार पर होगा मंथन

अतिशय क्षेत्र, गोलाकोट खनियाधाना में आयोजित होगा। सम्मेलन में जिला शिवपुरी एवं अशोकनगर के जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।



सम्मेलन की पावन सन्निधि में जगत्पूज्य नियार्पक श्रमण मुनि पूज्य श्री 108 सुधा सागर जी महाराज संघ का सान्निध्य प्राप्त होगा, जिससे कार्यक्रम का आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जैन शासन की एकता, संगठनात्मक मजबूती, धर्म के मूल सिद्धांतों तथा आचार-विचार के प्रति समाज में जागरूकता को सुदृढ़ करना है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में जैन दर्शन, शास्त्रों की महत्ता, गुरु परंपरा, सामाजिक समरसता तथा वर्तमान समय में जैन समाज की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही समाज में व्याप्त चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को जैन संस्कारों से जोड़ने और समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया जाएगा।

सम्मेलन में सच्चे देव, शास्त्र, गुरु एवं जैन आचार-विचार में आस्था रखने वाले समस्त जैन श्रावक-श्राविकाओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में समाजजन उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाएं और जैन एकता के इस प्रयास को मजबूती प्रदान करें। इस जिला सम्मेलन का आयोजन श्री दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र अतिशय क्षेत्र, गोलाकोट तथा राष्ट्रीय जैन शासन एकता संघ, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।